SCERT UK

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उत्तराखण्ड
State Council of Educational Research and Training, Uttarakhand
Tapovan Road, Nalapani, Dehradun
Phone: 0135-2789655 Fax: 0135-2789656, Website: www.scert.uk.gov.in
E-mail: scertuk@gmail.com, scert_uk@rediffmail.com

आवश्यक / महत्वपूर्ण

1– समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारी / जिला परियोजना
अधिकारी समग्र शिक्षा, उत्तराखण्ड।

2– समस्त प्राचार्य,
जिला शिक्षा एव प्रशिक्षण, संस्थान उत्तराखण्ड।

3 – समस्त जिला शिक्षा अधिकारी
प्रारम्भिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, उत्तराखण्ड।

पत्रांक: पाठ्यक्रम / 8661-72 / पी0पी0सी0–2024 / 2022–24    दिनांक 02 जनवरी, 2024

विषय : मा0 प्रधानमंत्री जी के संवाद कार्यक्रम परीक्षा पे चर्चा (PPC-2024) विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जैसा कि विदित है कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के द्वारा छात्रों, अभिभावकों एवं शिक्षकों के साथ 'परीक्षा पे चर्चा– 2024' कार्यक्रम के अन्तर्गत जनवरी / फरवरी 2024 में तालकटोरा स्टेडियम से टाउनहॉल प्रारूप में सीधे संवाद स्थापित किया जाना है। पूर्व में इस सम्बन्ध में कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए विस्तृत दिशा निर्देश प्रदान किये गये हैं। इसी क्रम में सचिव, स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के पत्र संख्या: D.O. No. 6–10 / 2023 / (PMP-5) दिनांक 29 दिसम्बर 2023 के माध्यम से निर्देशित किया गया है कि–

1. यह निर्णय लिया गया है कि 12 जनवरी 2024 को "राष्ट्रीय युवा दिवस" (National Youth day) के रूप में मनाया जाएगा और 12 जनवरी 2024 से 23 जनवरी 2024 तक विद्यालय स्तर पर अनेक सुझाई गई गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। इसी क्रम में 23 जनवरी 2024 नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्म दिन पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएंगी जिसके अन्तर्गत निम्नलिखित गतिविधियां सम्पादित की जानी है–

✓ हैशटैग के साथ गतिविधियों का समुच्चय (**Basket of activities with hashtag**)

A. मैराथन दौड़ (हैशटैग जो खेले वो खिले- hashtagjokhelevokhilePPC24)
B. संगीत प्रतियोगिता (हैशटैग चलो स्कूल चलें– hashtagchaloschoolchalePPC24)
C. मीम प्रतियोगिता (हैशटैग स्माइल टु सक्सीड– hashtagsmiletosuceedPPC24)
D. नुक्कड़ नाटक (हैशटैग एक्साएम वॉरियर– hashtagexamwarriorPPC24 )
E. छात्रों द्वारा छोटे वीडियो, एवं विवरण Small videos, testimonials.
F. हैशटैग लेट्स टॉक पीपीसी 2024– hashtagletstalkPPC24
G. छात्र एंकर छात्र अतिथि– Student anchor Student guest
H. hashtagbeyyourownanchorPPC24
I. पोस्टर बनाना आदि (हैशटैग कहो कहानी पीपीसी 2024)
J. योग–सह–ध्यान सत्र– Yoga-cum-meditation sessions
K. (हैशटैग योगा इज एनर्जी पीपीसी 2024) hashtagyogaisenergyPPC24
L. स्कूल असेंबली के दौरान बातचीत– hashtagletstalkPPC24
M. सीबीएसई, केवीएस और एनवीएस द्वारा गाने। (Songs by CBSE,KVS and NVS)

छात्र–छात्राएं उपरोक्त गतिविधियो मे भाग लेंगे और एक सेल्फी लेंगे तथा इसे हैशटैग के साथ सोशल मीडिया पर पोस्ट करेंगे।

1. यह भी निर्णय लिया गया है कि 23 जनवरी 2024 को देश भर के 500 केंद्रीय विद्यालयो मे 50,000 छात्रों (प्रति स्कूल 100 छात्र) के प्रतिभागियो के साथ एक चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी।
2. जिला–मुख्यालय स्थित केन्द्रीय विद्यालय इस आयोजन के लिए केंद्र के रूप मे कार्य करेंगे। और इसके प्राचार्य इस आयोजन के समन्वयक होंगे।
3. नामित केन्द्रीय विद्यालय सभी की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के अन्य केन्द्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय, राज्य के सरकारी एवं सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों, आसपास के सीबीएसई स्कूलो के साथ समन्वय करेगा
4. जनवरी / फरवरी 2024 मे होने वाले परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के लिए प्रचार–प्रसार किए जाने के लिए प्रतियोगिता को स्थानीय समाचार / मीडिया और सोशल मीडिया में कवर किया जायेगा। बच्चों की तस्वीरें और वीडियो शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार को दस्तावेजों के साथ साझा किए जायेंगे।
5. चिन्हित केंद्रीय विद्यालयो मे आयोजित होने वाली पेंटिग प्रतियोगिताओं मे बच्चों की पर्याप्त भागीदारी सुनिश्चित की जाय।
6. सभी बच्चो को डिजिटल प्रमाणपत्र और परीक्षा योद्धा (Exam warrior) पुस्तक प्रदान की जा सकती है और प्रत्येक स्कूल मे सर्वश्रेष्ठ 5 बच्चों को प्रमाणपत्र और हार्ड कॉपी में राष्ट्रीय स्वतंत्रता सेनानियों पर किताबें भी प्रदान की जा सकती हैं।
7. पेंटिंग प्रतियोगिता का विषय माननीय प्रधान मंत्री द्वारा परीक्षा के तनाव को कम करने के लिए दिए गए मंत्र हो सकते हैं। विशेषज्ञों की एक जूरी सर्वश्रेष्ठ 5 बच्चों का चयन करेगी।
8. पेंटिंग प्रतियोगिता के आयोजन के लिए सभी पर्याप्त बजटीय प्रावधान केन्द्रीय विद्यालय द्वारा किए जाएगे।

आपसे अनुरोध है कि आप निकटतम केंद्रीय विद्यालय जहा यह प्रतियोगिता होगी, में बच्चों की भागीदारी सुनिश्चित करें। आपसे यह भी अनुरोध है कि आप "युवा दिवस" के सफल आयोजन के लिए आवश्यक कार्यवाही तत्काल प्रारम्भ करें।, उपरोक्त उल्लिखित गतिविधियों का आयोजन करें और केवीएस के समन्वय से 23 जनवरी, 2024 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिन पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन करें। कार्यक्रम के आयोजन के बाद, एक विस्तृत संकलित रिपोर्ट शिक्षा मन्त्रालय भारत सरकार को उपलब्ध कराई जायेगी।

कृपया उक्तवत् दिशा–निर्देशो का अनिवार्यतः पालन करते हुए मा० प्रधानमत्री जी के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम–2024 को सफल बनाने हेतु तत्काल आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

भवदीय
(बन्दना गर्ब्याल)
निदेशक
अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड
02/01/2024

पृ० सं / पाठ्यक्रम/ 8661-72 /पी०पी०सी02022/2022–24 दिनांक उक्तवत्।
प्रतिलिपिः निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निजी सचिव, मा0 मन्त्री, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
2. सचिव, विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
3. महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा, उत्तराखण्ड।
4. राज्य परियोजना निदेशक, समग्र शिक्षा, उत्तराखण्ड
5. निदेशक माध्यमिक शिक्षा / प्रारम्भिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।
6. अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा / प्रारम्भिक शिक्षा गढवाल / कुमाउँ उत्तराखण्ड देहरादून।
7. क्षेत्रीय अधिकारी, सी0बी0एस0ई0, देहरादून।
8. उपायुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, उत्तराखण्ड देहरादून।
9. उपायुक्त, जवाहर नवोदय विद्यालय।

निदेशक
अकादमिक, शोध एवं प्रशिक्षण
उत्तराखण्ड